an>

Title: Regarding extension of information technology and communication facilities to the rural areas of the country.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान, राजस्थान में इंफॉर्मेशन और टेक्नोलॉजी के संचार सुविधा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जो कार्य किये जाने चाहिए, उनके समक्ष क्या चुनातियां आ रही हैं, इसका ध्यान दिलाना चाहता हूं।

महोदया, इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर बहुत अच्छे कार्य किये जा रहे हैं और प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य है कि इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी का फायदा दूर-दराज के गांव के लोगों को भी मिले। इसी उद्देश्य के लिए उन्होंने विभिन्न प्रकार के पोर्टल्स का निर्माण किया है, ऐप्स का निर्माण किया है और आई.टी. के माध्यम से गांव तक लोगों को सरकार की सुविधाओं का फायदा, शिक्षा के माध्यम से किसानों और छात्रों को फायदा देने का काम किया, लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि राजस्थान में आई.टी. डिपार्टमेंट के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, विशेषतौर पर जो 'डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम' है, उसकी प्रगति बहुत धीमी है। आज प्रधानमंत्री जी का सपना है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत मे ब्रॉडबैंड की सुविधा दी जाए।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपको ध्यान दिलाना चाहता हूं कि राजस्थान का, विशेषतौर से मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के प्रत्येक ग्राम पंचायत में जो ब्रॉडबैंड की सुविधा होनी चाहिए, वह सुविधा अभी तक नहीं पहुंच पाई है, उसका कार्य बहुत धीमा है। मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि वह कार्य तीव्र गति से किया जाये ताकि जनता को लाभ मिल सके।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।